तापमान
अधिकतम 26 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 9 फरवरी 2026

12 दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में सत्संग आयोजित



12 बराड़ा में 12वी के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



## राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में विजेता पशुपालकों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री




कुरुक्षेत्र। हरियाणा नस्ल फीमेल चैम्पियनशिप में करनाल के गांव गलिबखेडी का अक्षदीप की फीमेल पशु चैम्पियन रही। सीएम ने इस पशुपालक को 2 लाख 50 हजार रुपये का चेक इनाम दिया। फोटो : हरिभूमि

### लक्की ड्रा में करनाल के धर्मसिंह ने जीती बुलेट

*कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. अनिल बनवाला ने कहा कि 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में रोजाना पंजीकरण करवाने वाले पशुपालकों और किसानों के लिए विभाग की तरफ से लक्की ड्रा के माध्यम से पुरस्कार देने की योजना तैयार की है। इस प्रदर्शनी के तीसरे व अंतिम दिन लक्की ड्रा के जरिए करनाल के गांव खेडा निवासी धर्म सिंह ने बुलेट जीती है। उन्होंने कहा कि करनाल के गांव जानी निवासी रामपाल, कुरुक्षेत्र के गांव दूढा निवासी रणदीप सिंह व पाला राम की ड्रा में मिल्किंग मशीन निकली है। कुरुक्षेत्र के गांव बरोट निवासी कृष्ण कुमार, करनाल के गांव डिंगर माजरा निवासी देवी सिंह, कुरुक्षेत्र निवासी वृंदा शर्मा, प्रदीप रावल, पंकज, जींद के गांव पलवा निवासी कृष्ण का लक्की ड्रा में मदानी निकाला है। इन विजेताओं को महानिदेशक डा. प्रेम सिंह ने मौके पर ही सम्मानित किया गया है।*

# ऑटो व टाटा एस की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लाडवा थाना पुलिस के अंतर्गत गांव सौंटी के समीप ऑटो और टाटा एस (छोटा हाथी) की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में आटो चालक की मौत हो गई, जबकि टाटा एस के चालक सहित दो लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद ऑटो का ड्राइवर केबिन के बीच में फंस गया, जिसे मुश्किल से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान कैलाश नगर निवासी 43 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में हुई।

राजेश कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव के गांव धौरा का रहने वाला था। वह सब्जी बेचने का काम करता था। सेक्टर सात निवासी राम प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को अपना काम निपटाकर लाडवा से अपनी मोटरसाइकिल पर कुरुक्षेत्र लौट रहा था। लाडवा-पिपली रोड पर गांव सौंटी के पास निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास पहुंचा, तभी पिपली की ओर से आए टाटा एस ने गलत साइड में आकर उसके आगे चल रहे ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आटो का अगला हिस्सा टाटा एस के आगे घुस गया और दोनों ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों ड्राइवर सहित तीन लोगों को सरकारी अस्पताल लाडवा पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### इंद्री निवासी राजपाल और उसका साथी विशाल को एलएनजेपी किया रेफर

*एक्सीडेंट में टाटा एस का ड्राइवर करनाल के इंद्री निवासी राजपाल और उसका साथी विशाल को एलएनजेपी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने लाडवा थाने में राजपाल के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। पुलिस ने राजेश के शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया।*

## खबर संक्षेप

### अंबाला में राइस मिल कर्मचारी का फोन छीना

**अंबाला।** सहारनपुर के सुभरी गांव के जीशान ने साहा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह समलेहड़ी स्थित राइस मिल में नौकरी करता है। यहीं क्वार्टर में रहता है। शुक्रवार की रात 8 बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म कर पैदल ही गोदाम स्थित अपने क्वार्टर की ओर जा रहा था। गोदाम के गेट के पास पहुंचा तो तभी पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए। बदमाशों ने जीशान को रोककर उसके हाथ पकड़े व जबरन उसका मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से अपनी बाइक की नंबर प्लेट को कपड़े से ढका हुआ था।

### धोखाधड़ी का आरोपी जेल भेजा, रिकवर की

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर न्यू कॉलोनी के विशाल से 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने आरोपी लालडू के आकाश को काबू कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी से महेश नगर पुलिस ने 4 लाख रुपये की नकदी बरामद कर ली है। पीड़ित विशाल ने 15 मार्च को महेश नगर थाने में दर्ज करवाई प्राथमिकी में बताया था कि आरोपी शिव कुमार व अन्य ने एक जून 2025 को उसको विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पे थे।

### बस स्टैंड पर बेहोश कर नगदी व मोबाइल लूटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर महिला व इसके दो नाबालिग साथियों ने अमरजीत निवासी गन्नौर जिला सोनीपत को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश जैसी हालत में कर दिया। वहीं आरोपी अमरजीत को गांव नांगल खेड़ी स्थित एचडीएफसी बैंक ले गए। वहां उन्होंने अमरजीत का फोन, एटीएम कार्ड और नकदी छीन ली। आरोपियों ने एटीएम और ऑनलाइन माध्यम से कुल ₹84,484 निकाले और साथ ही ₹1800 नकद और फोन लेकर फरार हो गए। इधर, अमरजीत की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर 29 पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समझौते को धर्मशाला में बुलाकर युवक की हत्या, दो गंभीर घायल

### यमुनानगर के खजूरी में हुई खूनी वारदात

▶▶ पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को नामजद करते कुछ अन्य के खिलाफ किया हत्या के आरोप में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव खजूरी में कहासुनी के बाद समझौते के लिए धर्मशाला में बुलाकर एक युवक ने अपने पिता व अन्य साथियों के साथ मिलकर तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है।

■ गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा


पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव नागल निवासी अर्जुन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के एक कॉलेज में बीए की पढ़ाई कर रहा है। गच शनिवार शाम को वह अपने घर का काम निपटाकर जिम जाने के लिए खड़ा था। इस दौरान उसके चाचा का लड़का 18 वर्षीय आदित्य उसके पास आया और कहने लगा कि उसकी गांव खजुरी निवासी रक्षित के साथ गाली गलौज हुई थी।



यमुनानगर। गांव नागल निवासी मृतक आदित्य के परिजनों को समझाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची



यमुनानगर। गांव नागल निवासी मृतक आदित्य। फोटो : हरिभूमि

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी रक्षित उसके पिता प्रीतम व अन्य युवकों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आरोपी रक्षित ने आदित्य को अपने गांव खजूरी की राजपूत धर्मशाला में बुलाया था

रक्षित ने उसे अपने गांव खजूरी की राजपूत धर्मशाला में समझौते के लिए बुलाया है। इसके बाद वह आदित्य के साथ बाइक पर सवार होकर गांव खजूरी चले गए। गांव में पहुंचने के बाद वह अपने दोस्त गांव खजुरी निवासी राजकुमार के पास गए। वह राजकुमार को बाइक पर बिठाकर कर राजपूत धर्मशाला में चले गए। जहां पर रक्षित अपने पिता प्रीतम सिंह तथा आधा दर्जन अन्य साथियों के साथ मौके पर खड़ा था। उन्हें आता देखकर आरोपी रक्षित ने उनके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने आरोपी रक्षित ने तेजधार हथियार निकाला और उन तीनों पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी रक्षित के पिता प्रीतम व उसके साथियों ने भी उनके साथ मारपीट की। जिससे वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में उन तीनों को वहां मौजूद लोगों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने वहां उन्हें इलाज देकर सिविल अस्पताल भेज दिया। जहां पर डॉक्टरों ने आदित्य को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया जबकि राजकुमार को प्राथमिक उपचार देकर इलाज के लिए पीजीआई रेफर कर दिया। जहां पर राजकुमार की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# इंद्री के पास लगी एथेनॉल फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



इंद्री। कादराबाद के पास लगी एथेनॉल फैक्ट्री के गेट पर नारेबाजी करते ग्रामीण ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री कुरुक्षेत्र रोड पर गांव कादराबाद के पास लगी एथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राखी से क्षेत्र के लोगों में रोष पनपता जा रहा है । रविवार को फैक्ट्री के आसपास के गांवों व इंद्री के लोगों ने काफी संख्या में इकट्ठा होकर प्रदूषण व राखी से निजात दिलवाने की मांग को लेकर एथेनॉल फैक्ट्री के गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया । इस दौरान लोगों ने फैक्ट्री संचालकों से प्रदूषण व राखी से निजात दिलवाने की मांग की । इस मौके पर ग्रामीण प्रदीप वत्स, ओमप्रकाश, पृथ्वी सिंह, शमशेर, सतनाम, हरपाल सिंह, गुरदीप सिंह, गुलाब सिंह, साहब सिंह, जसप्रीत सिंह, अमरीक सिंह, भूपेंद्र, गुरजंट व अवतार सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि एथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राखी से उनका जीना मुश्किल हो गया है । हालात ऐसे हैं कि फैक्ट्री से हवा के जरिए काली राख छतों व कपड़ों पर गिर रही है व फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राखी से क्षेत्र वासियों में सांस व एलर्जी जैसी बीमारियां भी पनपने लगी है । लोगों ने बताया कि फैक्ट्री के पास सडक़ पर भी राखी डाली जा रही है जो राख हवा मे उड़ कर वाहन चालकों की आखों में गिरती है और हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। लोगों ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड व प्रशासन से शीघ्र उनकी समस्या हल करवाने की मांग की है । आज के युग में ऐसे यंत्र आ रहे हैं जिससे प्रदूषण को रोका जा सके । करीब एक घंटा हंगामे के बाद फैक्ट्री के अधिकारी शिव शंकर रेड्डी ने लोगों से बातचीत की और कहा कि फैक्ट्री में प्रदूषण रोकने के सभी यंत्र लगे हुए हैं फिर भी आगामी दो दिनों में यंत्रों को चेक करवा लिया जाएगा । इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बुधवार तक उनकी समस्या का हल नहीं हुआ तो वे रोड जाम कर देंगे ।

■ राखी से निजात दिलवाने की मांग

### हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व केन्द्रीय ट्रेंड यूनियन एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड विनोद शाक्य ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है। दोनों नेताओं ने कहा कि 12 फरवरी को केंद्र व राज्य सरकारों की किसान-मजदूर, कर्मचारी, स्कीम वर्कर विरोधी नीतियों के खिलाफ हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिला-जिला में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। यह हड़ताल 13 महीने चले तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ बार्डरों पर चले किसान आंदोलन से केंद्र सरकार की वादाखिलाफी, किसानों के कर्ज समाप्त करने,बिजली विधेयक 2025 को रद्द करो, स्मार्ट मीटर स्कीम रद्द करो, बुढ़ापा पेंशन दस हजार रुपए मासिक करने, शहीद स्मारक के लिए जगह देने, भारत-अमेरिका के बीच किसान-मजदूर विरोधी ढील रद्द करने, सरकार द्वारा काटी गई बुढ़ापा व अन्य मांगों को लेकर की जाएगी।

## पंचायत मंत्री पंवार ने मतलौडा मार्केट कमेटी सचिव को किया निलंबित

**पानीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अनुशासनहीनता और सरकारी आदेशों की अनदेखी करने पर मतलौड़ा मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुंडू को पद से निलंबित कर दिया। सचिव कुंडू पर मतलौडा मार्केट कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी करने में लापरवाही बरतने व मंत्री पंवार के आदेश के बावजूद भी यह कहना कि शपथ ग्रहण समारोह का इंतजाम करना उनकी जिम्मेदारी नहीं है का आरोप है। स्मरणीय है कि प्रोटोकॉल के तहत प्रदेश सरकार की ओर से मार्केट कमेटी सेक्रेटरी कृष्ण कुंडू को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। मंत्री पंवार ने बताया कि मार्केट कमेटी के सेक्रेटरी कृष्ण कुंडू को ड्यूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

## पानीपत की अदालत ने चेक बाउंस केसों में महिला समेत चार को भगौड़ा घोषित किया

**पानीपत।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डॉ. तरुण कुमार वर्मा की कोर्ट ने लेबोरेट फार्मास्युटिकल'द्वारा दायर चेक बाउंस के तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों क्रतिका गुप्ता पत्नी नवल कुमार वाष्ण वार्ष्णेय निवासी अलीगढ़, गोपाल चौधरी पुत्र शंभू चौधरी निवासी बांकुरा व सरोज चक्रवर्ती पुत्र गोपाल चक्रवर्ती निवासी हुगली, पश्चिम बंगाला को भगौडा घोषित किया है। वहीं कोर्ट ने संबंधित थाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नया केस दर्ज करने व दो अप्रैल तक इनकी संपत्तियों की सूची अदालत में पेश करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर, सीजेएम महेंद्र सिंह की अदालत ने स्टेट बनाम सचिन मामले में आरोपी सचिन निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को को उद्घोषित अपराधी घोषित किया है। वहीं, कोर्ट ने थाना समालखा को आरोपी सचिन पर केस दर्ज करने व 17 मार्च तक उसकी संपत्ति का विवरण कोर्ट को देने के आदेश दिए है।

## अंबाला में बसों की कमी से यात्री परेशान

**अंबाला।** कुरुक्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय पशुधन मेले में अंबाला डिपो की 11 बसों को मेले में भेज दिया गया। इसके कारण ग्रामीण रूटों पर बस न मिलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों की कमी पूरी करने के लिए रोडवेज की ओर से कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई थी। ऐसा पहली बार नहीं है जब रोडवेज की बसों को किसी कार्यक्रम में भेजा गया हो, बल्कि अब पिछले कुछ समय से हर दो से तीन महीनों में बसों को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में भेजा जा रहा है।

# महिला को प्रेम जाल में फंसाकर जेवरात और नकदी हड़पी, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

■ सिक्योरिटी गार्ड साथी पर लगा धोखाधड़ी का आरोप, एसी और बैंक लोन के पैसे भी डकारे

गांव बड़ा गढ़ में एक व्यक्ति द्वारा अपनी ही सहकर्मी महिला को झांसे में लेकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी प्रदीप वासी प्रीत कॉलोनी, जंडली के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजपाल वासी बड़ागढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका छोटा भाई राजकुमार और उसकी पत्नी परमजीत कौर गांव में रहते हैं। परमजीत कौर अंबाला में बतौर सिक्योरिटी गार्ड नौकरी करती है। आरोप है कि वहां उसके साथ काम करने वाले प्रदीप ने मार्च 2025 से परमजीत को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में उलझा लिया और बड़े सपने दिखाकर विश्वास जीत लिया। अक्तूबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच आरोपी ने झांसा देकर घर में रखे तीन सोने के हार, टीके, कान की बालियां, अंगूठियां और भारी मात्रा में चांदी के जेवरात ले लिए। इतना ही नहीं आरोपी ने महिला से उज्जीवन फाइनेंस बैंक से 50 हजार का लोन भी करवाया और एक स्प्लिट एसी भी धोखाधड़ी से हड़प लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### बदलते मौसम में नसों एवं रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के बारे में किया जागरूक

# सर्दी-जुकाम, वायरल एवं डिहाइड्रेशन से नसों में बढ़ती है संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मौसम परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखते हुए डी. आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र द्वारा गाँव लोटनी के ग्राम सचिवालय में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य बदलते मौसम में मस्तिष्क, नसों एवं रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना रहा। अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने बताया कि फरवरी माह में तापमान के उतार-चढ़ाव से सिरदर्द, चक्कर, माइग्रेन, नींद की समस्या तथा पुराने न्यूरोलॉजिकल रोगों के लक्षण बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण एवं डिहाइड्रेशन के कारण नसों की संवेदनशीलता बढ़ती है, इसलिए बुजुर्गों एवं स्ट्रोक, सर्वाइकल व स्लिप डिस्क के रोगियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

## गांव लोटनी के ग्राम सचिवालय में निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित, 113 का स्वास्थ्य भी जांचा



कुरुक्षेत्र। कैंप में रविवार को आयोजित कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### पर्याप्त जल सेवन,योग, व्यायाम, संतुलित दिनचर्या अपनाएं

लोगों को पर्याप्त जल सेवन,योग प्राणायाम, व्यायाम, संतुलित दिनचर्या, पर्याप्त नींद तथा लक्षण दिखने पर समय रहते न्यूरो विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी। डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में अब तक 2074 वॉ निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित कर हजारों जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा चुकी हैं। इस शिविर में 113 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, आवश्यक स्वास्थ्य जाँच ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर तथा दवाइयाँ प्रदान की गईं। कैंप के आयोजन में सूत्रधार राजेश शर्मा सरपंच जलबेड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रेम चंद ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ. संजय शर्मा एवं उनकी चिकित्सकीय टीम का स्वागत व अभिनंदन करते हुए सभी सेवाभावी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपचंद शर्मा, सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार ईश्वर सिंह संतोष, पम्मी, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, राहुल ,प्रवीण, संदीप शर्मा, कुलदीप इत्यादि मौजूद रहे।
फाटो परिचय

## खबर संक्षेप



### नकुल गोयल बने शहर के कार्यकारी अध्यक्ष

**यमुनानगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों की जगाधरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने की। बैठक में भाजपायुमो के जिला जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने जिले के 11 मंडलों के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। जगाधरी शहर से नकुल गोयल, जगाधरी ग्रामीण से अंकुश चौधरी,छछरौली से पलक अग्रवाल,प्रताप नगर से राजन चौधरी,सढौरा से मोहित सैनी, बिलासपुर से वरिंदर सिंह,पाबनी से अजय प्रताप, यमुनानगर से योगेश राजपूत, बुढ़िया से विशाल राणा, रादौर से जसविंदर सिंह ग्रेवाल, फरकपुर से उत्तम राणा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।



### 10 को किसान मोर्चा करेगा आंदोलन : गुर्जर

**रादौर।** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता जरनैल सिंह सांगवान ने की। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सुभाष गुर्जर ने बताया कि 10 फरवरी को रादौर से यमुनानगर जाने वाले सड़क मार्ग पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि यह आंदोलन सोई हुई सरकार को जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। गुर्जर ने बताया कि दामला-एसके मार्ग की हालत अत्यंत खराब है।



### दुष्कर्म का आरोपित किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक रिश्ते में किशोरी का मौसा लगता है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि छह जनवरी को क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी। उसके परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किशोरी का मौसा अनुज ही उसे अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है। इस मामले में केस दर्ज किया गया। जिसके बाद से ही किशोरी व आरोपी अनुज की तलाश की जा रही थी।

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल भी रहे साथ

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने गन्ना की चरखी पर गुड़ बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली

# स्वरोजगार अपनाकर ग्रामीण युवा बन सकते हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्रीय कैबिनेट ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर प्रवास के दौरान प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के साथ जिले के ब्लॉक प्रताप नगर अंतर्गत गांव अराइयांवाला में गुड़ बनाने की पारंपरिक चरखी पर कुछ समय के लिए रुक कर स्थानीय कारीगरों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गन्ने से गुड़ एवं शक्कर तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया को नजदीक से समझा और जानकारी ली। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने गुड़ की चरखी पर कार्यरत कारिंदों के साथ स्वयं भी गुड़ व शक्कर बनाने की प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक तरीकों से तैयार हो रहे उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।



**यमुनानगर।** अराइयांवाला में गन्ना चरखी पर गुड़ का स्वाद चखते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### गरमा गरम गुड़ व शक्कर का स्वाद चखा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वरोजगार अपनाकर ग्रामीण युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक सुविधाओं और विपणन सहयोग से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। मौके पर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भी चरखी पर उपस्थित स्टाफ और ग्रामीणों से संवाद किया तथा सभी को गरमा गरम गुड़ व शक्कर का स्वाद चखाया। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानीय उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इन्हें संरक्षण व प्रोत्साहन मिलना चाहिए व वर्तमान हरियाणा सरकार इस प्रकार के स्थानीय उत्पादों को पूरे हरियाणा प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए कार्यरत हैं। मौके पर भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को इस क्षेत्र के लोग महान तपस्वी के रूप में याद करते हैं। जिन्होंने यहां पर रहकर संघ की शाखाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया है।

छात्रों और वॉलंटियर्स को स्वच्छता हीरो एप की जानकारी दी

# नगर निगम की टेक्निकल एक्सपर्ट्स टीम ने किया कॉलेज का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत, नगर निगम यमुनानगर की टेक्निकल एक्सपर्ट्स टीम ने गुरु नानक खालसा कालेज का दौरा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देना था। टीम में मुख्य रूप से दुर्गेश कुमार, आकाश कुमार, ममता सेन और गगन कुमार शामिल थे। उन्होंने छात्रों और वॉलंटियर्स को स्वच्छता हीरो ऐप के रजिस्ट्रेशन और प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। टीम ने स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों की रिपोर्ट करने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। सेशन के दौरान, सभी वॉलंटियर्स ने ऐप को डाउनलोड किया और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की। एनएसएस और एनसीसी यूनिट के छात्रों ने इस गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता अभियान का समर्थन करने और नागरिक जिम्मेदारी के लिए डिजिटल टूल्स अपनाने में बहुत उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई।

इस मौके पर कॉमर्स डिपार्टमेंट की अध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डा. हेमंत मिश्रा और डा. ज्ञान भूषण, और एनसीसी विंग से रविता सैनी मौजूद रही।



यमुनानगर कार्यक्रम में मौजूद कालेज के छात्र-छात्राएं व अन्य।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कालेज में संबोधित करते वक्ता।

**स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी :** कॉलेज के प्रिंसिपल डा. अरविंदर सिंह भल्ला ने इस पहल की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता सिर्फ एक मिशन नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी नगर निगम, यमुनानगर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वच्छ भारत जैसे राष्टीय मिशनों में छात्रों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना की एक मजबूत भावना पैदा करेंगे।

# प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण अनुकूल बैग का प्रयोग करें

## सर्वेक्षण 2025 में बेहतर स्थान लाने को लेकर दुकानदारों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर स्थान लाने को लेकर नगर निगम यमुनानगर द्वारा ट्विन सिटी में अभियान चलाकर शहर को सुंदर बनाने व सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक किया।

इस दौरान नगर निगम की टीम ने दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए निर्देश दिए। अभियान के अंतर्गत निगम के आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश ने ट्विन सिटी के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में




दुकानदारों और ठेला रेहड़ी संचालकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण अनुकूल बैग का प्रयोग करें। ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने दुकानदारों और आम नागरिकों को यह भी बताया गया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने के साथ साथ नालियों और जल स्त्रोतों को गंदा करता है। जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अलावा प्लास्टिक से निकलने वाले हानिकारक तत्व मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालते हैं। टीम ने नागरिकों से रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने तथा पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम द्वारा प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मिलता है सस्ता और सुलभ न्याय

## 14 मार्च को लगेगी प्रथम लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर में 14 मार्च को प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा-138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले (गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर) वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है। जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है।

# प्लेसमेंट ड्राइव में 19 छात्रों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी संस्थान के बीबीए व एमबीए के 19 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुआ। जस्ट डायल लिमिटेड, चंडीगढ़ ओर से इस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजन किया गया था। इस ड्राइव में निकिता अरोड़ा, हेड एचआर मुख्य रूप से मौजूद रही। उनके नेतृत्व में यह यह प्लेसमेंट प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों की संचार क्षमता, विषयगत ज्ञान, समस्या समाधान कौशल एवं व्यक्तित्व का व्यापक मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और दक्षता का परिचय दिया। संस्थान के निदेशक डा. संजीव कुमार गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। संस्थान प्रबंधन ने प्लेसमेंट टीम का प्रतिनिधित्व दित्य मोंगा ने सभी संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना की। भविष्य में भी इस प्रकार के ओर अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया।

# पॉश एक्ट 2013 की जानकारी दी

## महिला एवं बाल विकास ने कार्यशाला का करवाया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग यमुनानगर द्वारा जिला सचिवालय में रविवार को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं के संरक्षण पॉश एक्ट को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में हरियाणा राज्य अटॉर्नी एट लॉ अंकुर अग्रवाल ने भाग लिया।

जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में एडीसी नवीन आहूजा, सीटीएम पीयूष गुप्ता व जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा आदि ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं राज्य अटार्नी एट लॉ अंकुर अग्रवाल ने पॉश एक्ट 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।




उन्होंने बताया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीडन से सुरक्षा प्रदान करता है। मौके पर उन्होंने सरकारी व निजी संस्थान में सरकार द्वारा शुरू किए गए शी बॉक्स पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। जो एक ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म है। इसके माध्यम से महिलाएं हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसी समस्याओं की शिकायत दर्ज कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों व अधिकारियों ने पॉश एक्ट से जुड़े सवाल पूछे। जिनका विस्तार से समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि पॉश एक्ट 9 दिसंबर 2013 को लागू हुआ।

### रास्ते में रोककर युवती से की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने रास्ते में रोककर युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी 22 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि सात फरवरी को दोपहर तीन बजे वह गांव संधाय के पास से किसी काम से जा रही थी। इस दौरान एक युवक ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा जब मैंने शोर मचाया तो युवक फरार हो गया।

# महिलाओं को उद्यमी, नेतृत्वकर्ता और आत्मनिर्भर बनाने वाला है केंद्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा द्वारा शहर के गर्ल्स कॉलेज में केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में महिला संवाद कार्यक्रम की प्रदेश मनीषा अग्रवाल मौजूद रही। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि गत दिनों केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बनाने वाला है। बल्कि उद्यमी, नेतृत्वकर्ता और आत्मनिर्भर नागरिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बजट विशेष रूप से महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने के सपने को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व की क्षमता पर ध्यान दिया जा रहा है।



**यमुनानगर।** महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यातिथि एवं महिलाएं।

# आरएमपी चिकित्सकों को बिना कारण के अधिकारी बना रहे निशाना: डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन हरियाणा के सदस्यों की रादौर में जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान डॉ. ऋषिपाल सैनी ने की। बैठक में आरएमपी चिकित्सकों पर की जा रही छापेमारी व कार्रवाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया गया।

एसोसिएशन के प्रधान डॉ. ऋषिपाल सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी बिना ठोस कारणों के आरएमपी चिकित्सकों को निशाना बना रहे हैं। जिसकी एसोसिएशन कड़ी निंदा करती है। यदि एसोसिएशन से जुड़े किसी चिकित्सक पर नशा या लिंग जांच जैसे गंभीर मामलों में दोष सिद्ध होता है तो एसोसिएशन स्वयं कार्रवाई का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि आरएमपी चिकित्सक आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड का गठन कर आरएमपी चिकित्सकों को प्राथमिक चिकित्सा का अधिकार दिए जाने की मांग की।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक के दौरान आरएमपी चिकित्सकों पर बिना कारण कार्रवाई करने की निंदा करते हुए एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान भजन संकीर्तन कार्यक्रम करवाया

# जीवन में मानवीय गुणों का बड़ा महत्व: भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने जीवन में मानवीय गुणों के महत्व से साध संगत को अवगत करवाया।

मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु व गुरु की महिमा का गुणगान किया। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि यदि किसी मानव में मानवीय गुण परिलक्षित ना हो तो वह कदापि मानव नहीं कहला सकता। मानव को प्रकृति ने भावनात्मक रूप से संवेदनशील बनाया है ताकि वह संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त जीवों के प्रति दया व करुणा रखे किन्तु विडंबना है कि सृष्टि का सिरमौर कहलाए जाने वाला मानव आज अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु किसी का अहित करने में भी संकोच नहीं करता।



### सद्गुणों के अभाव में आते हैं दुर्गुण

जब तक मानव अपनी पहचान केवल शरीर से करता है तो कदाचित उसके भीतर स्वार्थ अहंकार ईर्ष्या जैसे दुर्गुण आ जाते हैं। लेकिन आत्म साक्षात्कार के द्वारा स्वयं को परमात्मा का एक अंश मानते हुए संसार में जब हम विचरण करते हैं तो प्रत्येक जीव व जड़ चेतन में उसी परमात्म सत्ता का अनुभव करते हैं। साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को समझाया कि जैसे प्रकाश के अभाव में ही अंधकार का आना संभव है। इसी प्रकार हमारे जीवन में सद्गुणों के अभाव में दुर्गुण आ जाते हैं। मानव जीवन की विशेषता है कि जन्म के पश्चात हमें जैसे माता पिता, घर का वातावरण और परिपेक्ष्य मिलता है। हमारे भीतर उसी के अनुसार सद्गुण अथवा दुर्गुण पनपते हैं। हमारे व्यक्तित्व आचरण और व्यवहार का निर्माण संगति पर ही आधारित होता है इसीलिए सत्संग का महत्व समझाया जाता है। यदि हम गुरु आज्ञा में रहते हुए अपने जीवन में नियमित रूप से सत्संग, सेवा, साधना एवं सुमिरन करते रहें तो जीवन में सद्गुणों का आना निश्चित है। सत्संग सुनने से हमारे मन की पूर्व धारणाएं टूटती हैं और हम विशाल दृष्टिकोण से जीवन को देख पाते हैं।


कुरुक्षेत्र। गाय को गुड खिलाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी समारोह के तीसरे दिन मुख्यमंत्री सैनी बोले-

# 'पशुपालन' केवल आय का साधन नहीं बल्कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

## हरियाणा में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 1128 ग्राम दूध उपलब्धता मेहनत का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ गति से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में पशुपालन क्षेत्र की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। दुग्ध उत्पादन, मूल्य संवर्धन, निर्यात संभावनाएं और स्टार्ट-अप संस्कृति में अपार अवसर हैं। सरकार का लक्ष्य पशुपालन को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाया जाए। इसके लिए हम पशु स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं, उन्नत नस्ल संवर्धन को प्रोत्साहन दे रहे हैं, दुग्ध संग्रहण और विपणन की मजबूत व्यवस्था बना रहे हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षण और ऋण सुविधाओं का भी विस्तार कर रहे हैं। आप पशुपालकों की आय बढ़े, जोखिम घटे और आपको बाजार तक सीधी पहुंच मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी समारोह के तीसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर साथ रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के अवसर पर आकर प्रसन्नता और गौरव की अनुभूति हो रही है। यह तीन दिवसीय पशुधन प्रदर्शनी हमारी ग्रामीण संस्कृति, पशुधन परंपरा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते हमारे संकल्प का जीवंत प्रतीक है। धर्म-कुरुक्षेत्र की यह पावन धरा, जो कर्म, कर्तव्य और संतुलन का संदेश देती है, आज पशुपालन और ग्रामीण समृद्धि के संकल्प की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में इस प्रदर्शनी ने पशुपालकों, किसानों, युवाओं, वैज्ञानिकों और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। यहां उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं की प्रदर्शनी, कैटल शो, आधुनिक तकनीकों की झलक, पशु स्वास्थ्य शिविर, प्रशिक्षण सत्र और नवाचार आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी ने यह सिद्ध किया कि हरियाणा का पशुपालन क्षेत्र परंपरा और प्रगति का सुंदर संगम है। प्रदेश के प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता 1 हजार 128 ग्राम है। इसका श्रेय आप सब पशुपालक भाई-बहनों को जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पशुपालन केवल आय का साधन नहीं, बल्कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।


कुरुक्षेत्र। अवलोकन के दौरान पशुपालक से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान सकुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, चेयरमैनचिव विजय दहिया, महानिदेशक डा. प्रेम सिंह, उपायुक्त विश्राम धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी, जितेंद्र खैरा, राहुल राणा, उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, गुरदयाल सुनेहड़ी, चेयरमैन सुरेश सैनी कूक्कू, पूनम सैनी, अनु माल्याण, डीडीए डा. अनिल बनवाला, डा. जसबीर सिंह, डा. सतबीर सिंह, डा. रीतू, डा. विकास, डा. प्रवीन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान ही विकसित भारत का रास्ता

हरियाणा की पहचान इसके समर्पित पशुपालकों, उन्नत नस्लों और वैज्ञानिक सोच से बनी है। दूध व दूध से बने उत्पाद, जैव-ऊर्जा, जैविक खाद और ग्रामीण रोजगार का आधार पशुपालन है। स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान और सशक्त गांव, यही विकसित भारत- विकसित हरियाणा का रास्ता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का सबसे बड़ा उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं से जुड़ी नवीनतम जानकारी देना, गुणवत्ता का सम्मान करना और नवाचार को बढ़ावा देना है। यहां कैटल शो के माध्यम से श्रेष्ठ नस्लों को पहचान मिली, पशुपालकों का मनोबल बढ़ा और नई पीढ़ी को पशुपालन को सम्मानजनक एवं लाभकारी व्यवसाय के रूप में देखने की नई प्रेरणा मिली है।

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि व मछली पालन की बनाई योजनाएं : श्याम सिंह राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि विश्व के अंदर कुरुक्ष का बहुत बड़ा नाम है। आज यहां पर तीन दिवसीय 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का समापन हुआ है। इस मेले का आयोजन कृषि व पशुपालन विभाग की तरफ से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार चार तरह से काम कर रही है। कृषि के साथ-साथ पशुपालन विभाग, बागवानी विभाग और मछली पालन के क्षेत्र की योजनाएं बनाई गई हैं। सरकार खेती बाडी करने वाले किसानों की आमदन बढ़ाना चाहते है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सरकार ने भावांतर भरपाई योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल बीकने के 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में सीधे पेमेंट दी जा रही है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किसान, पशुपालकों के लिए नई-नई योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार का उद्धदेश्य किसानों की आय को 2047 तक चार गुणा करना है।

### किसानों व पशुपालकों के लिए जल्द ही से करेंगे पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन : नवीन जिंदल

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों व पशुपालकों के लिए जल्द ही एक कंपनी के सहयोग से पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में किट के माध्यम से पशुओं की बीमारियों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुपालक कृषि की अर्थव्यवस्था का स्तंभ बना हुआ है। हमारे ग्रामीण लोग पशुपालन पर निर्भर है, इससे हमारे गांव का विकास हो रहा है। हमारा प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। डेयरी के क्षेत्र में नए आयाम को छू रहा है। पशुधन मेला भारत की नई तस्वीर दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में नई नई नस्ल के पशु पर काम करना होगा। हमारी घीर नस्ल की गाय को ग्रिलैंडों नस्ल में तबदील करके 40 से 50 किलो दूध तक लेकर जाने की जरुरत है।

### *गायों व भैंसों से ब्रूसैला रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए शुरू किया अभियान*

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने पशुओं के स्वास्थ्य के लिए घर द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां कार्यरत हैं। प्रदेश में 2966 पशु चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से 71.26 लाख पशुओं को पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। पशुपालकों के लिए टोल फ्री नंबर 1962 का कॉल सेंटर हिसार में खोला गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गाय व भैंसों को मुंह खुर व गलघोटू रोगों से मुक्त बनाने के लिए संयुक्त वैक्सीन का प्रयोग करने वाला देश का पहला राज्य है। हमने वर्ष 2030 तक राज्य में गायों व भैंसों से ब्रूसैला रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।*

## सांसद जिंदल ने किया पशुधन प्रदर्शनी का निरीक्षण



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में रविवार को सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संबोधन के बाद, विभिन्न स्टॉल्स और प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पशुपालन, खेती-किसानी, पशु चिकित्सा, दवाइयों और नवीन तकनीकों से संबंधित स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा इनके बारे में विस्तार से जानकारी ली। सांसद नवीन जिन्दल ने मेले में लगाए गए पशु उद्योग, कृषि नवाचार और तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने वाले स्टॉल्स की सराहना करते हुए इस मेले को हरियाणा सरकार का एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक का समन्वय ही पशुपालन और कृषि क्षेत्र का भविष्य है। सांसद नवीन जिन्दल ने मेले में भाग ले रहे पशुपालकों, नवाचार प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के समय में पशुपालन क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे उत्पादन बढ़े और किसानों को बेहतर लाभ मिल सके।

## प्रभात फेरी में जमकर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



श्रीकृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति द्वारा आजाद नगर में लक्ष्मी देवी मेहरा के निवास स्थान पर प्रभातफेरी आयोजित की गई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से होली उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रभातफेरी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्रद्धालु भजन रसिकों द्वारा गाए गए भजनों पर जमकर थिरके। जब भजन रसिक सुनील वत्स, राजेंद्र चोपड़ा, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, जयभगवान शर्मा, नवीन भारद्वाज, विकास छाबड़ा, प्रवीण गुप्ता, कर्मचंद चुघ, ममता आहूजा, भावना, डॉ. उमा गौड़, अनिता शर्मा और पवन शर्मा ने म्हारे होली खेलने आईये हो ओ कृष्ण गौपाला भजन गाया तो श्रद्धालु इस भजन पर जमकर थिरके और ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने श्रद्धा भाव से नृत्य किया। राधा और कृष्ण भाव के गाए गए भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रभातफेरी की आयोजक लक्ष्मी देवी मेहरा के परिजनों सुभाष, लव्याश एवं नवीशा सहित सभी ने सेवा भाव से प्रभातफेरी की उत्कृष्ट व्यवस्था कर धर्म लाभ अर्जित किया और गौ सेवा के इस पावन कार्य को मजबूती प्रदान की। ठाकुर जी की आरती के साथ प्रभात फेरी का समापन हुआ। समिति के प्रधान सुनील वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी को आकाश नर्सरी कॉलोनी में श्रीमती सुनीता द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा।



## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उमड़े 15 राज्यों के सैंकड़ों छात्र

कुरुक्षेत्र। रविवार को गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में नव प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कक्षा पाँचवीं से नवमी तथा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए हरियाणा के सभी जिलों के विद्यार्थियों सहित पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, पूर्वोत्तर राज्यों असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश आदि 15 विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा में शामिल अनेक छात्र ऐसे भी थे जिनके माता पिता स्वयं इसी विद्यालय में छात्र थे। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने कहा कि गीता निकेतन आवासीय विद्यालय विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में संचालित एक प्रतिष्ठित विद्यालय है।


## नशे व महिला उत्पीड़न के खिलाफ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- **पीएमश्री शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय विद्यालय बारना की एनएसएस यूनिट ने किया जागरूक**

पीएमश्री शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना की एनएसएस यूनिट ने तीसरे दिन के एनएसएस कैंप का आयोजन गांव बारना में जाकर किया। इस अवसर पर डॉक्टर आर के सिरोही डिप्टी डायरेक्टर इंस्टीट्यूट आफ लॉ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती कविता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉक्टर आर के सिरोही ने अपने संबोधन में नशे के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे को अपनाना तो आसान होता है लेकिन नशे की लत को छोड़ना बहुत मुश्किल होता है। साथ ही साथ उन्होंने महिलाओं के उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के गंभीर मुद्दे पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समाज में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इसके लिए उन्हें स्वयं जागरूक और सशक्त बनना होगा। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय संविधान में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रावधानों और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी।





## देश भावना जन-जन में हो सर्वोपरि : सुरेश शर्मा

कुरुक्षेत्र। पिपली पैराकीट में जय हिन्द मंच के संस्थापक और अध्यक्ष सुरेश शर्मा, डॉ चित्रलेखा कौशिक निदेशक गृह मंत्रालय, डॉ अनिल शर्मा सीनियर पायलट, डॉ कमला शर्मा योगा विशेषज्ञ द्वारा जयहिंद मंच के तहत मीटिंग ली गई। मीटिंग अजय शर्मा समाजसेवी पिपली द्वारा आयोजित की गई। मीटिंग में डॉ सुरेश शर्मा ने बताया कि यह मंच 21 अक्टूबर 1985 से संचालित है। यह मंच 9 राज्यों, 300 जिलों में कार्यरत है। इसके 450 कार्यालय संबंधित प्रदेशों में चल रहे हैं। लगभग 22 लाख सदस्य इस संगठन में सक्रिय हैं। इस मंच के माध्यम से धारा 370, और 35अ को न्यायालय के माध्यम से लागू करवाया गया। इस मंच द्वारा इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई।

## 811 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण के अंतर्गत नौवां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को लाडवा विधानसभा में शिवाला राम कुंडी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में 811 लोगों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण,सहित विभिन्न चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 270 लोगों को निशुल्क चश्में प्रदान किए गए, वहीं जिन 73 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है, उनके ऑपरेशन शीघ्र ही निःशुल्क कराए जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी।




## सतलुज स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया और सभी का मन मोह लिया। इस गरिमामयी अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन और प्रेसिडेंट संतोष कौर घुम्मन ने विशेष रूप से शिरकत की। डॉ. घुम्मन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि स्कूल में मिले संस्कार और शिक्षा उन्हें जीवन के हर पथ पर सफलता दिलाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान, संस्कार और अनुशासन जो आपने यहाँ से प्राप्त किया है, वह आपकी असली पूंजी है। हमेशा बड़े सपने देखें और स्वयं पर विश्वास रखें।



## सरस्वती पूजन एवं समर्पण दिवस का आयोजन

कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों में कर्तव्यनिष्ठा, सेवा-भाव, अनुशासन तथा राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण की भावना का विकास करने के उद्देश्य हेतु गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में समर्पण दिवस अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। सर्वप्रथम प्रत्येक कक्षा के नन्हें प्रतिनिधियों ने अपनी समर्पण राशि को चैक के माध्यम से मुख्य अतिथि को भेंट किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि वीरेन्द्र वालिया कोषाध्यक्ष, विद्याभारती, उत्तरक्षेत्र ने अपने उद्बोधन में बताया कि समर्पण ही सफलता की सच्ची कुंजी है। समर्पण केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ शैली है। व्यक्ति जब अपने कार्य, अध्ययन और कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखता है, तभी वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समर्पण केवल भावना नहीं, बल्कि निरंतर कर्म का नाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, अनुशासन और सेवा कार्यों में समर्पित रहने के लिए भी प्रेरित किया।

**चर्चा** — सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक, 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

# चार लेबर कोड, एनपीएस-यूपीएस और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का निर्णय

हड़ताल को संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय बचाने की लड़ाई बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पिहोवा ब्लॉक की बैठक का आयोजन नगरपालिका पिहोवा में किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बलवान मोर और संचालन ब्लॉक सचिव गुरचरण संधु ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जत्थे में आशा वर्कर यूनियन की राज्य उपप्रधान रानी का पिहोवा पहुंचने पर स्वगत किया गया। रानी ने कहा कि आज हमें एक वर्ष में दूसरी बार 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल दूसरी बार करने का कारण है कि केंद्र सरकार मजदूर वर्ग कर्मचारी विरोधी चार लेबर एक्ट लागू कर रही है, जिसमें कोई भी मजदूर वर्ग, किसान वर्ग, कर्मचारी वर्ग अपनी मांगों को लेकर आंदोलन नहीं कर सकता। कोई भी संगठन वर्ग यूनियन नहीं बना सकता।


पिहोवा। बैठक में मौजूद कर्मचारी।

### हड़ताल को सफल बनाने का आश्वासन दिया

12 फरवरी की केंद्र की सरकार कर्मचारी और मेहनतकशों की एकता को तोड़ना, वर्गीय चेतना को कमजोर करना और इसी विभाजन की आड़ में कॉरपोरेट परस्त नीतियों को बिना विरोध लागू कर रही है। एनपीएस व यूपीएस के जरिए पेंशन को बाजार के जोखिम के हवाले कर दिया गया है। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने 31 दिसम्बर को 10 वर्ष की सेवा करने वाले सभी अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का फैसला हरियाणा सरकार को सुनाया है। हरियाणा सरकार को बिना शर्त के सभी अनियमित कर्मचारियों की नियमित करना चाहिए। कौशल रोजगार को बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार आदि कर्मचारी विरोधी नीतियां है। इन्हीं को लेकर हड़ताल की जा रही है । नगरपालिका यूनियन के पिहोवा सचिव राजकुमार, प्रधान नाथी राम, पब्लिक हेल्थ से प्रधान देवा सिंह, रिटायर से बलधारी आदि पदाधिकारियों ने विचार रखे और सभी ने राष्ट्र व्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आश्वासन दिया। ब्लॉक सचिव गुरचरण संधु ने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल केवल किसी एक विभाग या वर्ग की नहीं है यह संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की लडाई है। । इस मौके पर मनजीत कौर, नवनीत कौर, पूजा, रामलाल, गुलशन, मलकीत, सुनील, कर्मचंद, रचना, अनिल, विकास, केशा, रानी, लाडी, उषा, सुमन, प्रभजोत कौर , मीनाक्षी, अनीता, मनप्रीत कौर, बंगलो, सिमरन कौर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पर्स से नकदी और आभूषण किए साफ

**अंबाला।** नारायणगढ़ के मुख्य बाजार में खरीदारी करने आई हसनपुर गांव की एक महिला के बैग में ब्लेड से कट मारकर दो महिलाओं ने उनका छोटा हैंड पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सोने के आभूषण, नकदी और कई दस्तावेज थे। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने महिलाओं पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हसनपुर के नितिन शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को उनकी माता सुनीता शर्मा व पत्नी नेहा बाजार में सामान खरीदने आई थीं। उनकी माता ने घर से एक जोड़ी सोने की बाली व नाक का कोका ठीक करवाने के लिए एक छोटे हैंड पर्स में रखा था। इस पर्स में करीब 5 हजार रुपये की नकदी रखी थी।

### राइस मिल कर्मचारी का मोबाइल छीना

**अंबाला।** सहारनपुर के सुभरी गांव के जीशान ने साहा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह समलेहड़ी स्थित राइस मिल में नौकरी करता है। यहीं क्वार्टर में रहता है। शुक्रवार की रात 8 बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म कर पैदल ही गोदाम स्थित अपने क्वार्टर की ओर जा रहा था। गोदाम के गेट के पास पहुंचा तो तभी पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए। बदमाशों ने जीशान को रोककर उसके हाथ पकड़े व जबरन उसका मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से अपनी बाइक की नंबर प्लेट को कपड़े से ढका हुआ था।

### नगर निगम चुनावः सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर ने भी मांगी टिकट

# भाजपा के पास चुनाव लड़ने वालों की फौज, 20 वार्डों से 95 आवेदन



अंबाला। भाजपा कार्यालय में टिकट के लिए जिलाध्यक्ष को आवेदन देते पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

#### हर वार्ड से पांच उम्मीदवार

नगर निगम चुनाव में इस बार भाजपा_ कांग्रेस में सीधी टक्कर दिख रही है। इस बार चुनाव में कोई भाजपा_कांग्रेस के सिवाय कोई तीसरा दल मैदान में आता दिखाई नहीं दे रहा है। इसी वजह से कांग्रेस_भाजपा उम्मीदवारों में ही सीधी टक्कर तय मानी जा रही है। इस बार भाजपा में टिकट आवेदन के लिए लंबी लाइन है। 95 पार्टी नेता व कार्यकर्ता टिकट के लिए आवेदन कर चुके हैं। यानि यहां हर वार्ड से टिकट के करीब पांच दावेदार हैं। ऐसे में भाजपा को टिकट वितरण में खूब माथापच्ची करनी पड़ेगी। भाजपा में टिकट के आवेदन करने वाले ज्यादातर पूर्व सदस्य हैं। हालांकि इन पूर्व सदस्यों के खिलाफ अब भाजपा के नए कार्यकर्ता भी टिकट के लिए आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में अब कई पूर्व सदस्यों की टिकट कटना भी तय मानी जा रही है। सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने भी टिकट के लिए फिर से आवेदन किया है। इसी तरह कांग्रेस में भी टिकट के लिए 20 वार्डों से 40 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। ऐसे में टिकट वितरण में कांग्रेस को ज्यादा जोर नहीं लगाना पड़ेगा। कांग्रेस की ओर स उन्हीं आवेदकों को टिकट मिलने की बात ही जा रही है जोकि विरोधी पार्टी के उम्मीदवार को टक्कर देने में सक्षम होगा। कांग्रेस की ओर से तीन पूर्व सदस्यों की टिकट ता कंफर्म मानी जा रही है। जबकि अन्य आवेदनों पर चुनाव कमेटी अंतिम फैसला लेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव को लेकर बेशक अभी तारीख तय नहीं हुई लेकिन सियासी माहौल खूब तप रहा है। खासकर भाजपा में मेयर व सदस्य पद के लिए टिकट के दावेदारों की फौज ने कसरत शुरू कर दी। भाजपा कार्यालय में रोज टिकट के लिए आवेदन करने वालों की लाइन लग रही है। उधर कांग्रेस में मेयर व सदस्य पद की टिकट के लिए आवेदन करने का काम पूरा हो गया है। कांग्रेस में तो मेयर पद के लिए उम्मीदवार भी लगभग तय गया है।

#### भाजपा में मेयर के लिए घमासान

अब तक करीब सात भाजपा नेताओं ने अपनी पत्नियों के लिए दावेदारी पेश कर दी है। संगठन के भीतर चल रही चर्चाओं की मानें तो मेयर पद का चयन जातिगत समीकरणों और व्यक्तिगत छवि के आधार पर होगा लेकिन इतने अधिक आवेदनों ने चयन समिति के पसीने छुड़ा दिए हैं। इस मामले में कांग्रेस राहत में दिख रही है। मेयर पद के लिए अभी तक कांग्रेस के पास प्रोपर्टी कारोबारी की पत्नी का आवेदन आया है। मेरिट के लिहाज से उसका नाम ही मेयर प्रत्याशी के लिए फाइनल माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के पास कई वार्डों से एक_एक आवेदन आने से भी चुनाव कमेटी को टिकट वितरण में ज्यादा कसरत नहीं करनी पड़ेगी।

#### मेरिट के आधार पर मिलेगी टिकट

भाजपा अपनी साख और जीत की संभावनाओं को देखते हुए मजबूत उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारने की बात कह रही है। हालांकि ज्यादा आवेदन आने से अब संगठन के सामने यह चुनौती खड़ी हो गई कि किसे टिकट दी जाए। हालांकि कुछ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि मेरिट के आधार पर नाम फाइनल होने के बाद अन्य आवेदकों को समझाकर उनसे हस्ताक्षर भी लिए जा जाएंगे ताकि वे पार्टी प्रत्याशी के विरोध में मैदान में न उतरें। सबसे बड़ी चुनौती वार्ड नंबर 16 व 18 में देखने को मिल रही है। यहां एक-एक सीट पर कई पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने दावेदारी पेश की है। पार्टी के सामने यहां उम्मीदवार का नाम तय करना बेहद मुश्किल नजर आ रहा है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कई विभागों के कर्मी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में 12 को कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। आशावर्कर, मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार, वन मजदूर, भवन निर्माण मजदूर, फुटपाथ वर्कर की हड़ताल से सफाई व स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों के कार्य प्रभावित रहेंगे। इस दौरान बसों का संचालन, शिक्षा, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम के सफाई सफाई कर्मचारियों की ओर से की जाने वाली सफाई व्यवस्था सहित अन्य कार्यों में दिक्कत देखने को मिल सकती है। 12 को सुबह नौ बजे से ही शहर के शिक्षा सदन में आशा वर्कर, मजदूर संघ, मिडेडे मिल और सफाई चौकीदार धरने पर बैठेंगे। अंबाला शहर के नगर निगम में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित सभी यूनियन के कर्मचारी और पदाधिकारी बैठेंगे।

#### 20 हजार आशा वर्कर्स हड़ताल पर

जबकि आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान सरबजीत कौर ने बताया कि 12 को हरियाणा की 20 हजार आशा वर्कर हड़ताल पर रहेंगी। यह काम बंद हड़ताल है इस दिन आशा वर्कर कोई काम नहीं करेंगी। सभी आशा वर्कर सिटी के शिक्षा सदन में इक्टठा होगी। इसके अलावा सीटू के अंदर आने वाली सभी यूनियन के सदस्य भी प्रदर्शन करेंगे। आशा वर्कर को सरकारी कर्मचारी बनाया जाए, जब तक सरकारी कर्मचारी नही बनाया जाता तब तक 30 हजार न्यूनतम वेतन दिया जाए, सेवानिवृत्त की उम्र 65 वर्ष की जाए, सेवानिवृत्त पर कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन दी जाए। चारों लेबर होड रद्द किए जाएं। एक साल पहले केंद्र सरकार की ओर से 1500 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी उसे बहाल किया जाए।

### हलके में 10 फरवरी को प्रवेश करेगी सद्भाव यात्रा

**मुलाना।** पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा हल्का में 10 फरवरी को प्रवेश कर जाएगी । हल्का मुलाना में यह यात्रा दो दिन जारी रहेगी । यहां के रहने वाले जगमोहन जैन ने बताया कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा हल्का में 10 व 11 फरवरी 2026 को सद्भाव यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का विस्तृत मार्ग व कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहले दिन 10 फरवरी को यात्रा की शुरुआत सुबह 10 बजे माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना से होगी। इसके बाद यात्रा मुलाना बाजार, सर छोटूराम चौक, टंगैल रोड, दोसड़का चौक, होली चौक, सिंबला चौक, महाराणा प्रताप चौक बराड़ा, मेन मार्केट बराड़ा, रेलवे स्टेशन, मौजगढ़ और सरकपुर होते हुए सुहाना अंबेडकर चौक पर शाम 4 बजे संपन्न होगी। दूसरे दिन 11 फरवरी को यात्रा नोहनी गांव से सुबह 10 बजे शुरू होगी। यह साहा बाजार, ढकोला, बिहटा, शेरगढ़ माजरा, नगला जट्टान और वाजिदपुर से होकर शाम 4 बजे केसरी में समाप्त होगी।आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने और सद्भाव का संदेश फैलाने की अपील की है।

# विश्वास मानव जीवन का आधारः भारती

## साध्वियों ने सत्संग में श्रद्धालुओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाऊन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान परम पूजनीय दिव्य गुरू आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री रवनीत भारती ने मानव जीवन में विश्वास के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विश्वास जीवन का आधार है किंतु विश्वास का आधार ही मानव जीवन के परिणाम को निर्धारित करता है। क्योंकि जहां विश्वास हमें वस्तु, व्यक्ति एवं घटनाओं से जोड़ता है वहीं दूसरी ओर विश्वास टूटने पर कहीं न कहीं वह क्षणिक जुड़ाव भी समाप्त हो जाता है। उन्होंन बड़े ही सुंदर शब्दों में विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि विश्वास ऐसा आधार मांगता है जिसकी आधारभूमि सत्य पर टिकी हुई हो। जैसे हम कहीं पैर रखने से



अंबाला। प्रवचन करती साध्वियां।

पहले धरती का निरीक्षण करते हैं और यदि धरती पर कहीं फिसलन है तो हम कितना भी टिकाकर पैर क्यों न रखें वह फिसल ही जाएगा। किंतु यदि धरती कठोर और सूखी है तो वहां हमारे पैरों की गति स्वतः ही तीव्र हो जाती है। ठीक इसी प्रकार यह नश्वर संसार देखने में तो सत्य भासित होता है परन्तु पलक झपकते ही जब हमारी आंखों के सामने से ही हमारी प्रिय वस्तु, व्यक्ति और सत्ता छीन जाते हैं तब इस संसार के प्रति हमारा विश्वास लड़खड़ाता है। भरी सभा में द्रौपदी के विश्वास ने ही अदृश्य परमात्म सत्ता को वस्त्र रूप में प्रकट होने के लिए विवश कर दिया। क्योंकि जो आंखों के सामने थे उन संबंधों ने तो द्रोपदी के साथ विश्वासघात किया था। जब हम आत्म साक्षात्कार के द्वारा इस नश्वर संसार की वास्तविक पहचान कर लेते हैं तो परमात्मा की असीम सत्ता पर विश्वास करना सहज हो जाता है।

#### श्रद्धालु भाव विभोर

इसी लिए हम अपने जीवन में एक व्यक्तिगत निर्णय अवश्य लें और मन, वचन, कर्म से अपने आप को जानने का प्रयास अवश्य करें ताकि हमारी आत्मा को उस परमात्मा की पहचान हो और हम उस पर विश्वास कर पाएँ जो विश्वास करने योग्य है। सभी उपस्थित साधक जन विश्व शांति हेतु सामूहिक ध्यान साधना में सम्मिलित हुए और कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने भाव पूर्ण भजनों का गायन किया जिसे सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे।

### मां काली कमली मंदिर में भंडारा लगाया

**कुरुक्षेत्र।** मां काली कमली मंदिर में आयोजित मासिक भंडारे का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य अवसर पर मां काली कमली वाली महारानी की विशेष कृपा भक्तों पर निरंतर बरसती रही। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा और हर ओर भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा की अलौकिक अनुभूति होती रही। इस पुण्य अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां का भंडारा प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। मां के अनन्य भक्त, सनातन धर्म के प्रबल रक्षक एवं धर्मप्रेमी व्यक्तित्व पंडित राजेश मोदीगल ने भक्तों को मां की महिमा से अवगत कराते हुए कहा कि मां काली करुणा, शक्ति और ममता की साक्षात स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे हृदय से, पूर्ण श्रद्धा और प्रेम भाव से मां का स्मरण करते हैं, मां सदैव उनकी रक्षा करती हैं, उनके कष्ट हरती हैं।

# बुढ़ापा-विधवा पेंशन की होगी वेरिफिकेशन

**नगर निगम की ओर से जारी किया गया शेड्यूल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनित कुमार ने बताया कि हरियाणा नगर पालिका नागरिक सहभागिता अधिनियम 2008 के तहत नगर निगम के सभी वार्डो में एरिया सभा की बैठकें 10 व 11 फरवरी को आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में वृद्धावस्था , विधवा पेंशन के लाभार्थियों की वेरिफिकेशन की जाएगी। इसके साथ-साथ लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लाभार्थियों की वेरिफिकेशन का भी काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इन बैठकों में दूसर समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन डंगडेहरी, जडौत रोड स्थित सामुदायिक भवन, शिव मंदिर कम्यूनिटी सेंटर हाउसिंग बोर्ड, परशुराम भवन बलदेव नगर, खेड़ा धर्मशाला, पंचायत भवन अंबाला शहर, नाहन हाउस नजदीक सामुदायिक भवन, नगर निगम कार्यालय अंबाला शहर, शिव शंकर धर्मशाला छोटा बाजार, शिव मंदिर धर्मशाला हीरा नगर, गुरू गोबिंद्र सिंह लाइब्रेरी रेलवे रोड, सामुदायिक भवन सेक्टर 7, सरकारी स्कूल जंडली, सामुदायिक भवन सेक्टर-1, ओल्ड ऐज होम निजामपुर, सामुदायिक भवन नसीरपुर, श्री रविदास मंदिर बादशाही बाग, सामुदायिक भवन सेक्टर 10, गुरूद्वारा श्री तेग बहादुर शिव विहार व गांव सौंडा के गुरूद्वारा के नजदीक यह बैठके आयोजित की जाएगी। 11 फरवरी को 11 बजे यह सामुदायिक भवन डंगडेहरी, शिव मंदिर, शिव पुरी कॉलोनी, शिव मंदिर सामुदायिक भवन हाउसिंग बोर्ड, परशुराम भवन बलदेव नगर, खेडा धर्मशाला, पंचायत भवन, नाहन हाउस नजदीक सामुदायिक भवन, नगर निगम कार्यालय, शिव मंन्दिर नजदीक शिवालिक हर्बल पार्क, शिव मंदिर धर्मशाला हीरा नगर, गुरू गोबिंद सिंह लाईब्रेरी रेलवे रोड, सामुदायिक भवन सेक्टर- 7, सरकारी स्कूल जंडली, सामुदायिक भवन सेक्टर 1, सामुदायिक भवन मोती नगर, सामुदायिक भवन नसीरपुर, श्री रविदास मंदिर बादशाही बाग में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

#### सहयोग प्रदान करें

उन्होंने सभी पात्र लाभार्थियों एवं वार्ड वासियों से आग्रह किया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने में सुगमता हो सकें ।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का किया आह्वान

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि दयानंद जयंती एवं स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 1 से 12 फरवरी तक आयोजित 12 दिवसीय चतुर्वेद परायण महायज्ञ में रविवार को सांसद नवीन जिन्दल ने यज्ञ में आहुति दी तथा उपस्थित श्रद्धालुओं से भेंट की। यह आध्यात्मिक आयोजन वेद विद्या शोध संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा करवाया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने सभी श्रद्धालुओं से समाज के उज्जवल, समरस एवं समेकित भविष्य के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती और स्वामी श्रद्धानंद ने समाज से जातिवाद, अंधविश्वास और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया, जिनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। महायज्ञ के दौरान स्वामी संपूर्णानंद ने सांसद को स्वामी ब्रह्मानंद के जीवन और कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। साथ ही प्राकृतिक खान-पान से संबंधित स्टॉल्स की जानकारी भी दी, जहां सांसद नवीन जिन्दल ने प्राकृतिक भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शरीर रूपी मंदिर का हमें ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सभी वर्गों से योग और व्यायाम के लिए जागरूकता फैलाने और इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

# छह माह के मासूम को जेसीबी ने कुचला, मौत

## हंडेसरा के पास फैक्टरी में हादसा, पंजाब पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीमा से सटे पंजाब के हंडेसरा के निकटवर्ती गांव हिमांयुपुर में निर्माणाधीन फैक्टरी में रविवार दोपहर 12 बजे दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यहां काम कर रहे एक प्रवासी मजदूर के छह माह के मासूम बच्चे को जेसीबी ने कुचल दिया। हादसे में मासूम तनवीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही फैक्टरी का मालिक, ठेकेदार व परिजन मासूम को लेकर अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पंजाब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिता हरज्ञान सिंह ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करते हैं। पिछले करीब डेढ़ माह से हिमांयुपुर में एक निर्माणाधीन फैक्टरी में मजदूरी कर रहे हैं। पत्नी व तीन बच्चे भी साथ रहते हैं। दोपहर के समय काम करते समय बच्चे को बजरी के ढेर के पास ही लिटा दिया था। दो अन्य बच्चे भी पास में खेल रहे थे। जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। काम खत्म करने के बाद जैसे ही जेसीबी चालक जाने लगा तो लापरवाही से वाहन चलाते समय बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

#### शिकायत पर किया जाएगा केस दर्ज

पिता हरज्ञान ने बताया कि जेसीबी चालक को बताने के लिए वह पीछे से चीखता रहा लेकिन उसके सामने ही उसके मासूम बच्चे को उसने कुचल दिया। हंडेसरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुरमेहर सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजनों की तरफ से लिखित में शिकायत आने पर ही चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

# विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता से भविष्य का निर्माण : कौशिक

**कुरुक्षेत्र।** राज्य स्तरीय विद्यार्थी कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हरियाणा शिक्षा विभाग पंचकूला एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कुरुक्षेत्र में आरंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक व सहायक निदेशक शिक्षा विभाग पंचकूला ने दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता पैदा होती है, जिससे उनके भविष्य का निर्माण होता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सतबीर कौशिक ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं हर वर्ष आयोजित की जाती हैं। आज की प्रतियोगिता में राज्य के सभी छः डिविजन स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली टीमों टीमों ने भाग लिया है। इस प्रकार दस विधाओं में निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पेंटिंग, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, स्किट, डिक्लेमेशन, डिबेट,कविता वचन आदि विधाएं शामिल की गई। सभी बच्चों के भोजन व रात्रि ठहराव की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है। जिला सयोंजक डॉ शीशपाल जांगड़ा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम का आज पहला दिन है,जिसमे उपरोक्त विधाओं में बच्चे भाग ले रहे हैं।

**कार्यक्रम** "बॉन वॉयेज" समारोह में रैम्प वॉक, खेल व उपाधियों ने मोहा मन

### 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

# शगुन को मिस व अर्जुन को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह "बॉन वॉयेज" का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष इंदरजीत सिंह एवं कोमल मैम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट कर किया गया। समारोह की शुरुआत कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर्स को उपहार देकर शुभकामनाएं देने से हुई। इसके पश्चात कक्षा बारहवीं



बराड़ा । कार्यक्रम में शामिल स्टूडेंट्स।

के विद्यार्थियों ने आकर्षक रैंप वॉक प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राउंड आयोजित किए गए, जिनके आधार पर कई उपाधियों का चयन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आदित्य को मिस्टर शैमफॉर्ड तथा निधि को मिस शैमफॉर्ड चुना गया। वहीं शगुन को मिस फेयरवेल और अर्जुन को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया। शैम स्टूडियस का पुरस्कार पलक को तथा शैम क्रिएटिव का सम्मान तनु को दिया गया। शैम जूनियर्स द्वारा अदिति एवं वनदीप को बेस्ट सीनियर घोषित किया गया।

#### लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का दिया संदेश

विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर में नमनप्रीत, साड़ी रैपिंग में वंश, दुपट्टा नॉट में वंशिका,बैलून बर्स्ट में गुरदीप, कप स्नैचिंग में पलक तथा पिरामिड गेम में अभि शर्मा विजेता रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुबी शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। वहीं विद्यालय अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। समारोह हर्षोल्लास, भावनाओं और यादगार पलों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नेता सुभाष चन्द्र बोस को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का सम्पूर्ण व्यक्तित्व माँ भारती को समर्पित रहा, देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए उनके नेतृत्व में गठित आजाद हिन्द फौज के वीर सैनानियों के बलिदान को कौन भूल सकता है? उन्होंने ही सर्वप्रथम दिल्ली चलो का नारा बुलंद किया। नौजवानों में उनके आह्वान तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने इतना उत्साह भर दिया कि देश का युवा वर्ग अंग्रेजी शासन की ईंट से ईंट बजाने के लिए तैयार हो उठा। उक्त शब्द गुरुकुल वेद प्रचार विभाग के वरिष्ठ प्रचारक महाशय जयपाल आर्य ने कुरुक्षेत्र विष्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित पराक्रम के नेता सुभाष चन्द्र बोस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश को आजादी



केवल चरखा चलाने से नहीं मिली बल्कि लाखों की संख्या में वीरों ने अपने प्राणों को आजादी की बलिवेदी पर न्यौछावर किया तब जाकर भारत माँ को गुलामी की जंजीरों से आजादी मिली। कार्यक्रम में इंटेलीजेंस ब्यूरो के पूर्व चीफ श्यामाचरण पांडेय, समाजसेवी कृष्ण चन्द पांचाल, परमवीर आर्य, हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो0 पुष्पारानी सहित बड़ी संख्या में पीएचडी स्कॉलर मौजूद रहे। प्रो. पुष्पारानी ने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रही है जो उचित नहीं है। देश के वीर जवानों और अपनी समृद्ध वैदिक संस्कृति से जुड़े रहने के लिए शिक्षण संस्थानों में ऐसे आयोजनों का होना बेहद जरूरी है ताकि युवा पीढ़ी देश के सच्चे और वीर नायकों के जीवन से प्रेरणा ले सकें।